हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
05 नवंबर 2024, समय 1810

- केंद्र सरकार ने हरियाणा, त्रिपुरा और मिज़ोरम के ग्रामीण स्थानीय निकायों को 15वां वित्त आयोग अनुदान जारी किया।
- सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोई भी स्थानीय या सरकारी संगठन एवं संस्था अपना पंजीकरण करवाने के लिए "प्रेस कौंसिल" और प्रेस परिषद शब्द का प्रयोग नहीं कर सकती।
- भारतीय रेलवे छठ पूजा के मद्देनजर देश भर से 185 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। हरियाणा में आज रात के हिसार से बरौनी जंक्शन के लिए विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी।
- हरियाणा में डेंगू के मामले बढ़े। स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही बरतने के लिए एक लाख, 3 हज़ार चालान किए।
- हरियाणा सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों या उनकी धर्मपत्नियों की मृत्यु के बाद उनकी बेरोज़गार विधवा और तलाक शुदा बेटियों को राज्य सम्मान पेंशन का लाभ दिया जाएगा।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने हरियाणा, त्रिपुरा और मिज़ोरम के ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15वां वित्त आयोग अनुदान जारी कर दिया है।हरियाणा के पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को पहली किस्त के अन्तर्गत 194 करोड़ 86 लाख 70 हजार रूपए का अनुदान दिया गया है। यह धनराशि राज्य की 18 जिला पंचायतों, 139 खंड पंचायतों और 5 हज़ार 911 ग्राम पंचायतों के बीच वितरित की गई है।

*************************************************************************

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि  कोई भी स्थानीय या सरकारी संगठन व निकाय अपना पंजीकरण करवाने के लिए प्रेस कौंसिल या प्रेस परिषद शब्द का प्रयोग नहीं कर सकती।

इस संबंध में मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों के मुख्य सचिवों व केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को प्रेषित अर्द्ध सरकारी पत्र में कहा है कि ऐसे कई मामले संज्ञान में आए हैं कि अन्य प्रैस संगठनों द्वारा प्रेस परिषद शब्द का उपयोग किया जा रहा है जो न केवल भारतीय प्रेस परिषद के संस्थागत मूल्यों का न केवल निरादर करता है।  बल्कि प्रेस कौंसिल के अधिकारों का भी उलझन है।विधि मामलों के विभाग के अनुसार यह प्रतीक एवं नाम (अनुचित उपयोग रोकथाम) अधिनियम 1950 की धारा (3) के साथ पढ़ी जाने वाली प्रविष्टि 7(ii) का उल्लंघन भी है।

*************************************************************************

भारतीय रेलवे छठ पूजा के मद्देनजर देश भर से कुल 185 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। आज हरियाणा के हिसार से बिहार के बरौनी जंक्शन तक एक विशेष रेलगाड़ी चलाई जा रही है।

श्री निहाल सिंह ने बताया कि हिसार स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं।

छठ पूजा पर बिहार जाने वाले यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उनसे आह्वान किया कि  रेलगाड़ी में सुरक्षित स्थान पर बैठकर ही सफर करें।

हिसार से अपने घर बिहार जाने के लिए स्टेशन पर पहुंचे यात्री राजकुमार ने बताया कि छठ पूजा उनके लिए बहुत बड़ा त्यौहार है, इसलिए वो बिहार अपने घर जा रहे हैं।

यात्रियों ने त्यौहार के मौके पर बिहार के लिए हिसार से सीधे रेलगाड़ी चलाने के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

*************************************************************************

हरियाणा में डेंगू के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। घरों में जाकर डेंगू का लार्वा खत्म किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि डेंगू का पता लगाने के लिए अब तक एन एस 1 के कुल 98000 टेस्ट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 10 लाख से ऊपर रैपिड टेस्ट भी किए गए हैं।
डॉ कुलदीप ने बताया कि डेंगू का लार्वा मिलने पर अभी तक 1 लाख 3000 घरों के चालान किए गए हैं। उन्होंने लोगों से कूलर टायर व अन्य नकारा समान में पानी खड़ा न रहने देने और पूरी बाजू के कपड़े पहनने
की अपील की है।

**************************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों या उनकी धर्मपत्नियों की मृत्यु के बाद उनकी बेरोज़गार विधवा और तलाकशुदा बेटियों को राज्य सम्मान पेंशन का लाभ दिया जाएगा, बशर्ते उनकी आय के अन्य स्त्रोत न हो। इसके लिए सरकार ने 12 जून 2009 को जारी पूर्व के दिशा निर्देशों में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार स्वतंत्रता सेनानियों के दिव्यांग अविवाहित बेरोजगार पुत्र भी, जिनकी दिव्यांगता 75 प्रतिशत है, पेंशन का लाभ ले सकेंगे। । यदि एक से अधिक बच्चे पेंशन के हकदार होंगे तो उन्हें पेंशन में समानुपात में हिस्सा मिलेगा।हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का परिपत्र सभी मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उप मंडल अधिकारियों को प्रेषित किया गया है।

*******************************************************************************

हरियाणा के पंचकूला में चल रहे तृतीय पंचकूला पुस्तक मेले का आज दूसरा दिन है। पुस्तक प्रेमी मेले में बड़ी गिनती में पहुँच रहे हैं। 10 नवंबर तक चलने वाले इस पुस्तक मेले का उद्घाटन कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया।आज हमारी संवाददाता सुमन शर्मा ने मेले में आए कई आगंतुकों से बातचीत की।
मेले में आए एस पी नरूला ने प्रतिक्रिया देते हुए युवा पीढी को पुस्तकें पढ़ने का आह्वान किया।
मेले का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने के लिए ऊर्जा संस्कृति समिति की पहल पर विभिन्न विभागों के संयुक्त प्रयास से किया गया है। मेले में हिन्दी, अंग्रेजी और पंजाबी भाषा के 100 से अधिक प्रकाशकों की किताबें प्रदर्शित की गई है।

*******************************************************************************

हरियाणा की 15वीं विधान सभा के प्रथम सत्र की आगामी बैठकें 13 नवंबर से शुरू होंगी। हरियाणा विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सत्र की आगामी बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी। विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बताया कि सत्र की आगामी बैठकों के लिए सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व कार्य सलाहकार समिति की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें सत्र के दौरान होने वाले कार्य पर चर्चा होगी। सत्र की समय अवधि भी कार्य सलाहकार समिति की बैठक में तय की जाएगी।उहोने कहा कि कार्य सलाहकार समिति के गठन संबंधी अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी।विधान सभा अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि यह सत्र कार्य उत्पादकता की दृष्टि से काफी प्रभावी रहेगा। उन्होंने सभी विधायकों से अपील की कि वे पूरी तैयारी के साथ सत्र में भाग लें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक चर्चा से ही प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाया जा सकता है।गौरतलब है कि विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने 25 अक्तूबर को विधान सभा की बैठक अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी थी। 25 अक्तूबर को सभी विधायकों को शपथ दिलाई गई थी और सर्वसम्मति से विधान सभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया था।